प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 26 सितम्बर 2024

(1) माननीय राज्यपाल ने आज "जे०सी०आई०, राँची द्वारा मोरहाबादी मैदान, राँची में आयोजित एक्सपो उत्सव-2024" का उद्घाटन किया।

राँची, 26 सितंबर 2024:

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज जे०सी०आई०, राँची द्वारा मोरहाबादी मैदान, राँची में आयोजित “एक्सपो उत्सव-2024” का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और वहाँ प्रदर्शित उत्पादों एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। राज्यपाल महोदय ने “एक्सपो उत्सव-2024” के सफल आयोजन हेतु जे०सी०आई०, राँची के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई दी।

उन्होंने इस आयोजन को राज्य की आर्थिक प्रगति में सहायक बताया और कहा कि यह मंच युवा उद्यमियों और व्यवसायियों के लिए अपनी प्रतिभा और नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। उक्त अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद श्री महेश पोद्दार भी मौजूद थे।